NEW HORIZON SCHOOL

SUPPORT MATERIAL

PERIODIC TEST -1

CLASS -3

SUBJECT – HINDI

SESSION- 2018 -2019

पाठ - १

बढ़े चलो (कविता)

प्रस्तुत कविता में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई है। हमें मुसीबतों से घबराकर हार नहीं मानना चाहिए । अपने जीवन में हिम्मत और साहस से आगे बढ़ते रहना चाहिए ।

कवि कहते हैं कि हमें तब तक आगे बढ़ते रहना चाहिए जब तक हमारी मंजिल नहीं आ जाती ।

रास्ते में आए संकटों का सामना डट कर करना चाहिए ।

अगर हमारे साथी पीछे छूट गए तो हमें इसकी परवाह किए बिना अकेले ही बढ़ते रहना चाहिए। तभी हम दुनिया में अपना नाम रोशन कर पाएँगे।

पाठ - २

दो बहनें (कहानी)

प्रस्तुत कहानी बाल- मनोविज्ञान पर आधारित है। इस कहानी में दो बहनों - दीया और प्राची के माध्यम से बच्चों को शिष्टाचार सम्बन्धी बातें सिखाई गई हैं । जैसे -

अपने घर की बातों को दूसरों के घर जाकर नहीं बताना चाहिए ।

किसी के घर की चीज़ों को लालच भरी आँखों से नहीं देखना चाहिए।

किसी के कहने पर ही खाना चाहिए ।

खाते समय बोलना नहीं चाहिए।

अपने भाई- बहनों के साथ प्रेम से रहना चाहिए।

पाठ- ३

कौआ मेरा कान ले गया (कहानी)

प्रस्तुत कहानी एक सीधे और सरल लड़के की कहानी है जिसे लोग नासमझ और मूर्ख समझकर उसका मजाक उड़ाते हैं और मजे लेते हैं। सीधा और सरल होना अच्छी बात है पर इतना भी सीधा नहीं होना चाहिए कि लोग हमारा मजाक उड़ाए ।

इस कहानी के माध्यम से बताया गया है कि हमें सुनी- सुनाई बातों पर विश्वास नहीं करना चाहिए ।

हमें अपनी आँखों देखी बातों पर ही विश्वास करना चाहिए।

व्याकरण

भाषा और लिपि

भाषा - भाषा वह साधन है जिसके द्वारा हम अपने मन के भावों और विचारों को दूसरों के समक्ष प्रकट करते हैं ।

भाषा के दो रूप होते हैं -

1.मौखिक

2.लिखित

लिपि - भाषा को लिखने का ढंग लिपि कहलाता है ।

हिंदी भारत की राजभाषा है ।

हिंदी की लिपि देवनागरी है ।

14 सितम्बर को हिंदी दिवस मनाया जाता है।

वर्ण और वर्णमाला

वर्ण - वह छोटी से छोटी इकाई जिसके टुकड़े नहीं किये जा सकते , वर्ण कहलाती है ।

वर्ण दो प्रकार के होते हैं -

1.स्वर वर्ण

2.व्यंजन वर्ण

स्वरों की संख्या 11 है ।

व्यंजनों की संख्या 33 है।